इंडियन बैंक का इंड एडवांटेज आरंभ

हैदराबाद, 13 सितंबर-(मिलाप ब्यूरो) इंडियन बैंक के लॉयल्टी कार्यक्रम इंड एडवांटेज का अनावरण चेन्नई में आज बैंक के कार्यकारी निदेशक एम.के. भट्टाचार्या ने किया।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अपने संबोधन में एम.के. भट्टाचार्या ने कहा कि डिजिटल बैंकिंग के विशेष स्वरूप, मोबाइल बैंकिंग आदि के तीव्र गति से बढ़ने और ग्राहकों को अधिक मूल्यवान व संतुष्टिदायक सेवाओं का अनुभव कराने के उद्देश्य से इंड एडवांटेज कार्यक्रम आरंभ किया गया है। इसके तहत इंडियन बैंक के डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग उपभोक्ताओं को रिवॉर्ड पाइंट्स दिए जाएँगे, जिससे वे मर्केंडाइज़, टिकट, रिचार्ज, कूपन इत्यादि को बैंक की वेबाइट www.indadvantage.com से जुड़कर रेडिम कर सकते हैं। स्टोर के अंदर रिडम्शन बैंक के चुनिंदा साझेदार स्टोर में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि ग्राहक बोनस अंक और दोहरे अंक भी अर्जित कर सकते हैं।

अवसर पर इंड एडवांटेज कार्यक्रम में महाप्रबंधक (विपणन) डी. देवराज, महाप्रबंधक (डिजिटल बैंकिंग) एस. रंगा राजन, एफजीएम (चेन्नई) के. चंद्रा रेड्डी, लॉयल्टी रिवॉर्ड्स एमएनजीटी प्रा.लि. के एमडी एवं सीईओ अमरीश आचार्य, बैंक के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित थे।